(iv) कोटा मंडल	-	दक्षिणी मण्डल
(v) उदयपुर मंडल	-	मध्यवर्ती मण्डल
(vi) अजमेर मंडल	-	जनसंख्या की दृष्टि से सबसे छोटा
(vii) भरतपुर मंडल	-	नवीनतम मण्डल

187. राजस्थान में राज्य सचिवालय में स्थित विभाग कहलाते हैं

(a) कार्यकारी विभाग (b) प्रशासनिक विभाग
(c) प्रभाग (d) निदेशालय

RPSC School Lecturer-26-04-2017

Ans. (b) : राजस्थान राज्य सचिवालय में स्थित विभाग प्रशासनिक विभाग कहलाता हैं राज्य की पूरी प्रशासनिक इकाईयाँ विभागों में बंटी हुई होती है। राज्य सरकार का कार्य सचिवालय विभागों द्वारा किया जाता है और इन विभागों के बीच वितरित किया जाता है।

- मुख्यमंत्री (राजनीतिक प्रमुख) मुख्य सचिव (प्रशासनिक प्रमुख)
- विभाग- सचिव. विशेष/अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव, संभाग-उपसचिव, शाखा अवर सचिव, सहायक सचिव

188. राजस्थान में प्रशासनिक दृष्टि से निम्न में से सबसे छोटी इकाई कौन सी है?

(a) जिला (b) संभाग
(c) तहसील (d) पंचायत समिति

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (c) – राजस्थान में प्रशासनिक दृष्टि से सबसे छोटी इकाई तहसील है। राज्य में राजस्व एवं कानून व्यवस्था के लिए एक ही प्रशासनिक तंत्र गठित किया गया है। राज्य को 7 संभागों में विभक्त किया गया है। प्रत्येक संभाग पर एक भारतीय प्रशासनिक अधिकारी होता है। जिसके अधीन सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक होते है। जिलों को तहसील में विभक्त किया गया हैं प्रत्येक तहसील स्तर पर एक तहसीलदार एवं उसकी सहायता के लिए नायब तहसीलदार एवं कानूनगो आदि होते है।

189. 'रियासत सचिवालय' की स्थापना कब की गई-

(a) 2 दिसम्बर, 1947 (b) 4 नवम्बर, 1947
(c) 5 जुलाई 1947 (d) 12 सितम्बर, 1947

Live Stock Assistant (Non TSP Area)- 21.08.2016

Ans. (c) – रियासतों के एकीकरण हेतु 5 जुलाई 1947 को रियासत सचिवालय की स्थापना की गई थी। इसके अध्यक्ष सरदार वल्लभ भाई पटेल थे। स्वतंत्रता से पूर्व भारत में 565 देशी रियासतें थी। राजस्थान में 19 देशी रियासतें, 3 ठिकाने (नीमराणा, कुशलगढ़ और लावा) और एक केन्द्रशासित प्रदेश अजमेर मेवाड़ था। राजस्थान का एकीकरण सात चरणों में सम्पन्न हुआ, इस एकीकरण में 8 वर्ष 7 माह 14 दिन का समय लगा था, यह 18 मार्च 1948- 1 नवंबर 1956 को पूर्ण हुआ।

- क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान की सबसे बड़ी रियासत जोधपुर व सबसे छोटी रियासत शाहपुरा थी।
- एकीकरण के अंत में शामिल होने वाली रियासत सिरोही थी।

190. राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण कहाँ स्थित है?

(a) जोधपुर (b) बीकानेर
(c) भरतपुर (d) जयपुर

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-I

Ans. (d) राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय न्यायाधिकरण का मुख्यालय जयपुर में है। राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना 1 जुलाई, 1976 राजस्थान सिविल सेवा अधिनियम, 1976 के तहत सेवा मामलों और सरकारी सेवकों के प्रासंगिक मामलों के सम्बन्ध में विवादों और शिकायतों के न्याय निर्णय के लिए की गई है।

191. किसकी सिफारिशों के आधार पर आबू एवं देलवाड़ा तहसील को राजस्थान में मिलाया गया था?

(a) सरदार वल्लभ भाई पटेल (b) फ़ज़ल अली
(c) गुरुमुख निहाल सिंह (d) गोकुल भाई भट्ट

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-I

Ans. (b) – फ़ज़ल अली की सिफारिशों के आधार पर आबू और देलवाड़ा तहसील को राजस्थान में मिलाया गया था। फ़ज़ल अली राज्य पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष थे। इस आयोग का गठन 1953 में किया गया। इस आयोग ने भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन की संस्तुति की।

192. गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों का सर्वेक्षण करवाना किसका दायित्व है?

(a) उपखण्ड अधिकारी (एस.डी.ओ.)
(b) खण्ड विकास अधिकारी
(c) जिला रसद अधिकारी (डी.एस.ओ.)
(d) सांख्यिकी अधिकारी

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (a) – गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों का सर्वेक्षण करवाना उपखण्ड अधिकारी (S.D.O.) का दायित्व होता है।

193. निम्नलिखित में राजस्थान किस क्षेत्रीय परिषद में शामिल है?

(a) उत्तरी क्षेत्र (b) पूर्वी क्षेत्र
(c) पश्चिमी क्षेत्र (d) दक्षिणी क्षेत्र

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (a) – राजस्थान उत्तरी क्षेत्रीय परिषद के अन्तर्गत आता है। अन्य राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश जो इस क्षेत्र में शामिल हैं-जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश।

194. अजमेर राजस्थान का छठा संभाग कब बना?

(a) 1987 (b) 1977
(c) 1982 (d) 1991

VDO-2021 Exam Date 27.12.2021 Shift-II

Ans. (a) – जनवरी, 1987 ई. में अजमेर, राजस्थान का छठा संभाग/मंडल बना। इस मंडल में अजमेर, भीलवाड़ा, नागौर और टोंक जिले शामिल है। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में राजस्थान में 33 जिले और 7 संभाग/मंडल है जिसमें अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर संभाग है।

195. जिला प्रमुखों को जिला ग्रामीण अभिकरणों का अध्यक्ष बनाया गया–

(a) 26 जनवरी, 1998 को (b) 15 अगस्त, 1998 को
(c) 26 जनवरी, 1999 को (d) 30 जनवरी, 1999 को

उत्तर - (d)

RPSC RAS/RTS 1999-2000

व्याख्या–पंचायती राज संस्थाओं में जिला परिषद उच्चस्तरीय संस्था होती है। राजस्थान में जिला परिषद के निर्वाचित मुखिया को 'जिला प्रमुख' कहा जाता है। राजस्थान पंचायत राज अधिनियम, 1994 के अनुच्छेद 35 में जिला प्रमुख की शक्तियों एवं कार्यों का प्रावधान है। राजस्थान में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के नए आयाम के अंतर्गत सरकार द्वारा 30 जनवरी 1999 को क्रांतिकारी व ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जिला प्रमुखों को जिला ग्रामीण विकास अभिकरणों (D.R.D.A.) का अध्यक्ष बनाया गया।